हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 13 .2 डिग्री
न्यूनतम 9 .0 डिग्री

12 नए साल में मिलेगी 700 करोड़ की नई योजनाओं की सौगात



12 पुराने वर्ष की तरह कमजोरियों को भी विदाई दें



## खबर संक्षेप

### कपड़े की दुकान से चोरी करने वाली चार महिलाएं पकड़ी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड स्थित कपड़े की दुकान पर 25 दिसंबर की रात को शटर उखाड़कर लाखों की कीमत के कपड़े चुराने वाली चार महिलाओं नीलम, रुकसाना, बीना और नीलम उर्फ खजूरी निवासी झुग्गी मछली मार्केट इंद्रा कॉलोनी पानीपत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के कब्जे से ढाई लाख कीमत के चोरीशुदा 115 सूट, 12 शॉल और 15 चुन्नी बरामद की है।

### वकील का ट्रेन से बैग चोरी

**पानीपत।** हरियाणा के अंबाला रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए कुछ युवक बीकानेर के वकील का बैग चुराकर पानीपत रेलवे स्टेशन पर उतर गए और फरार हो गए। वहीं, जीआरपी थाना को दी शिकायत में विकास आचार्य निवासी बीकानेर ने बताया कि 23 दिसंबर को वह परिवार संग हरिद्वार से बीकानेर जा रहा था।

### मिड डे मील वर्कर्स की बैठक

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी के नेतृत्व में सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में मिड डे मील वर्कर्स की सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान निर्मला अहलावत ने की और संचालन जिला सचिव कविता ने किया।

### 14.50 ग्राम हेरोईन समेत काबू

**अंबाला।** सीआईए स्टाफ ने हेरोइन तस्करी में आरोपी दलीप कुमार को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14.50 ग्राम हेरोईन जब्त की है। अब पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी दलीप कुमार हेरोइन की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष उर्फ कन्हैया को गिरफ्तार किया है। परिवादी अरविंद कुमार ने 26 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हर्ष उर्फ कन्हैया व अन्य ने उसके घर मे घुसकर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए शहजादपुर आरोपी सचिन को गिरफ्तार किया है। इस मामले मे पहले से गिरफ्तार आरोपी देवित ने रिमांड के दौरान बतलाया कि सचिन भी इस मामले में सलप्ति है। आरोपियो से 04 मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मॉडल टाउन के रतन लाल ने 19 फरवरी 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 फरवरी 2021 को प्रेम नगर से किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली है।

-वर्ष के अंतिम दिन जिले में दिन भर छाए रहे आसमान में बादल और चलती रही शीत लहर

# वर्ष 2023 के अंतिम दिन भी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों की छुड़ाई कंपकंपी

ठिठूरती ठंड में जनजीवन हुआ प्रभावित, ठंड में पशु भी होने लगे बीमार, मौसम में ठंड बढ़ने से तापमान घटकर पहुंचा न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



यमुनानगर। कड़ाके की ठंड में अलाव जलाकर सेंकते कामकाजी लोग।

- अलाव जलाकर व घरों में दुबक कर लोगों ने ठंड से राहत पाने का किया प्रयास

वर्ष 2023 के अंतिम दिन शीतलहर चलने व दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम में हाडतोड़ ठंड ने लोगों की कंपकपी छुटा दी। साल के अंतिम दिन ठंड का आलम यह रहा कि लोग दिन भर घरों में दूबके रहे। वहीं, कामकाजी लोगों ने अलाव जलाकर किसी तरह अपना काम निपटाया। मौसम में ठंड बढ़ने से जहां लोग बीमारियों में जकड़ने लगे हैं, वहीं, पशु भी बीमार होने लगे हैं। रविवार को जिला का तापमान घटकर न्यूतम मात्र 8 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे लोग दिन भर ठंड में ठिठूरते रहे।

रविवार को वर्ष 2023 का अंतिम दिन रहा। लोगों को उम्मीद थी कि वर्ष के अंतिम दिन सूर्यदेव के दर्शन होंगे। मगर पिछले कई दिन से जहां घना कोहरा छाए रहने से सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए थे, वैसे ही रविवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। जिससे दिन भर मौसम में कड़ाके की ठंडक बनी रही। खास बात तो यह रही कि दोपहर तक लोग अपने कामधंधे पर जाने के लिए हिम्मत नहीं जुटा सके और अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे। इस दौरान जो लोग अपनी दुकानों या अपने गंतव्यों पर पहुंचे, वह या तो हीटर पर या फिर अलाव जलाकर सेंकते नजर आए।

### पशु भी होने लगे बीमार

पिछले कई दिन से जिले में पड़ रही हाडतोड़ ठंड में बुजुर्ग व बच्चों के अलावा पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें बचाने के लिए किसान आग का सहारा ले रहे हैं। कई पशुओं की हालत ऐसी है कि वह सुबह के समय उठ भी नहीं पा रहे हैं। जिन्हें अलाव जलाकर हीट देकर किसी तरह उठाया जा रहा है। वहीं, बेसहारा घूम रहे गोवंशजों को भी किसी न किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का गोसेवकों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

रविवार को जिले का न्यूनतम तापमान घटकर 8 सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले एक सप्ताह तक मौसम में घना कोहरा छाए रहने और ठंड बढ़ने की

### कड़ाके की सर्दी से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त



कुरुक्षेत्र। ठंड से बचाने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग। 31केयूके13

**कुरुक्षेत्र।** एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। हाड़ गला देने वाली शीतलहर के कारण मानो जिंदगी थम सी गई है। सूर्य देव के दर्शन न होने से आग ही लोगों के लिए सहारा बना हुआ है। सर्दी का असर ऐसा था कि छुट्टी के दिन भी लोग घरों में दुबके रहे। बड़े तो दूर किशोर और बच्चे भी सर्दी में खेलने से बचते नजर आए। रविवार को कोहरे से राहत रही लेकिन शीतलहर ने हाड़ कंपा दिए। शाम को ठंड इतनी बढ़ गई कि हाथ-पांव कमरों के भीतर भी सुन्न रहे। दोपहर एक बजे अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह और शाम को सैर करने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है। पार्क व बगीचे इन दिनों सूने नजर आ रहे हैं। रविवार को छुट्टी के कारण जहां बाजारों में भीड़ व रौनक रहती थी, वहीं इस दौरान सन्नाटा पसरा रहा। घरों से लोग बेहद जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंचे। इस दौरान दुकानदार भी अलाव के सहारे रहे। हालांकि ठंड के कारण बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई। दुकानों पर लोग गर्म कपड़े खरीदने पहुंचे। यश, सोनू व रामबीर ने बताया कि ठंड के कारण दुकान पर मंदी छाई हुई है।

# देश भर में ऊर्जा भरने का काम कर रही पीएम के मन की बात

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने लोगों से किया फिट इंडिया से नए वर्ष 2024 की शुरुआत करने का आहवान
- शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देश में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री की हर बात हमेशा प्रेरणा देने वाली होती है। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने उक्त शब्द जगाधरी स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक किए गए मन की बात कार्यक्रम में कभी भी कोई राजनीतिक बात नहीं की है, बल्कि वह सामाजिक बातों को लेकर हर बार नया विषय लोगों के सामने लेकर आते हैं। पीएम के मन की बात कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 108वें एपिसोड को लेकर सभी देशवासियों में काफी उत्साह नजर आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान से लेकर अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर पर बात की। वहीं, पीएम मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट का नारा दिया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्वास से भरपूर है। विकसित भारत की भावना आत्मनिर्भरता की भावना से उत्प्रोत है और हमें 2024 में भी यही भावना और गति बनाकर रखनी है। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम के अभिषेक को ऐतिहासिक बनाने के लिए कविताओं लेखन और रचनाओं के माध्यम से इस दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने का अनुरोध किया।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के मन की बात कार्यक्रम में चंद्रयान 3 की अपार सफलता, खेल जगत में मिली बड़ी उपलब्धियां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात कर टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलाव को भी बताया। कंवरपाल ने कहा की भारत को आजतक ऐसा प्रधानमंत्री नही मिला जो दिन रात देश के लिए सोचता है और देश के लिए काम करता है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत अर्थ व्यवस्था के मामले में पांचवे नंबर है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा की हम सभी को फिट रहने का संकल्प लेना है।

# चोरों ने फैक्टरी व परचून की दुकान से चुराई नकदी और अन्य सामान

- अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों से चोरों ने फैक्टरी व परचून की दुकान के ताले तोड़कर नकदी समेत हजारों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जरनैल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोती बाग बैंक कॉलोनी में फैक्टरी है। वह 29 दिसंबर की शाम को फैक्टरी से काम खत्म करके गेट का ताला लगाकर अपने घर आ गया। सुबह जब वह फैक्टरी में पहुंचा तो वहां से सामान गायब मिला। जांच करने पर फैक्टरी से एक मोटर, पलंबर का सामान, गल्ल से 15 हजाररुपये तथा अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच क बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव नागलपट्टी निवासी आलमदीन ने बताया कि उसकी गांव में ही परचून की दुकान है। वह 18 दिसंबर को दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से नकदी व परचून का सामान गायब मिला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 35 हजार रुपये है। जांच करने पर पता चला कि दुकान से सामान गांव के ही बिलाल उर्फ बिल्ला ने चोरी किया है।

# भेजना था पुर्तगाल पहुंचा बेलारुस के जंगलों में

- सैन्य जवानों की अलग-अलग शिकायत पर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित जिलों के एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



अंबाला। लोगों की फरियाद सुनते गृहमंत्री अनिल विज।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने रविवार को अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

कैथल से आए फरियादी ने बताया कि उसके भाई को पुर्तगाल भेजने के लिए एक एजेंट ने झांसा दिया था और लगभग पांच लाख रुपए उन्होंने अलग-अलग किश्तों में एजेंट को दे दिए थे। एक अक्टूबर को उसका भाई नई दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ, मगर एजेंट ने पुर्तगाल भेजने के बजाए उसके भाई को बेलारुस भेज दिया। उन्हें बताया गया कि वहां सड़क मार्ग से वह उसे पुर्तगाल ले जाएंगे, मगर एक दिन उसके भाई का फोन आया कि वह बेलारुस के जंगलों में है और यहां से उन्हें पुर्तगाल ले जाया जा रहा है। उसने बताया कि इस फोन के बाद उसका कोई फोन नहीं आया। उन्हें नहीं पता कि अब उनका भाई कहां है और उसका फोन भी नहीं मिल रहा है। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए।

पलवल से आए आईटीबीपी के जवान ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उसके घर पर कब्जा करने की नीयत से ताला तोड़ तोड़फोड़ और मारपीट की। उसके द्वारा दर्ज कराए गए केस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गृह मंत्री ने एसपी पलवल को मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार सेना में तैनात पलवल निवासी सैन्य कर्मी न बताया कि उसे व उसके ताऊ के लड़के को झूठे मामले में फंसाया गया है, मंत्री विज ने एसपी नूंह को मामले की पुनः जांच के निर्देश दिए।

वहीं सोनीपत निवासी महिला ने ससुराल पक्ष द्वारा उससे मारपीट करने के आरोप लगाए जिसपर पुलिस कमिश्नर सोनीपत को कार्रवाई के निर्देश गृह मंत्री ने दिए। करनाल निवासी बुजुर्ग ने अपनी बहू पर झूठा इलजाम लगाकर उसे छेड़छाड़ के मामले में फंसाने के आरोप लगाए, हिसार से आए व्यक्ति ने उसपर फर्जी मारपीट का मामला दर्ज होने की शिकायत दी, कैथल से आए फरियादी ने उसके प्लाट पर कब्जे का आरोप लगाया। इसके अलावा अन्य मामले भी आए, जिनपर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# देश से गरीबी खत्म करने में जुटे हैं मोदी

- सभी संकल्प लें कि किसी का बुरा नहीं करेंगे : डॉ दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। सांसद कृष्ण लाल पंवार व उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया आदि पीएम मोदी की मन की बात सुनते हुए।

राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश में हर व्यक्ति की आर्थिक तौर पर उन्नति हो और देश में कोई भी व्यक्ति गरीब ना रहे। राज्यसभा सांसद थिराना स्थित ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक केंद्र ज्ञान मान सरोवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 108वें कार्यक्रम के पश्चात सभागार में उपस्थित लोगो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सर्वांगीण विकास और गौरव को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का श्रेय केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि चाहे फिट इंडिया की बात हो या स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की बात हो या स्वदेसी उत्पादों की बात हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी निरन्तर प्रदेश की भलाई के काम में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश भर में सर्वाधिक मनरेगा मजदूरी देने वाला प्रदेश है और यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनहितैषी सोच के कारण ही सम्भव है। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने भी जिलावासियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम संकल्प लें कि ना किसी के बारे में बुरा सोचेंगे और न ही किसी का बुरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिलावासी प्रशासन के समक्ष कोई भी समस्या रख सकते हैं उसका समाधान किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कैंटर ने ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधी टक्कर मारी, ठेकेदार की मौत

- हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार चार लोगों को भी चोटें आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने से कैंटर भी पलट गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार ठेकेदार व मजदूर सड़क किनारे जार गिरे। हादसे में ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि 4 लोगों को चोटें आई हैं।

इनमें से एक की नाजुक हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया है। हादसा अंबाला-हिसार हाईवे पर शनिवार देर शाम हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले की शिनाख्त ठेकेदार अरविंद कुमार) के रूप में हुई जोकि बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। बिहार के के मुन्ना सिंह ने बताया कि वह रामचंद्र पासवान, रामानंद, सलीम, जैन मिया, हरिशचंद्र पासवान के साथ पीएस कंस्ट्रक्शन कंपनी में करते हैं। अरविंद कुमार सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी में ठेकेदार था। वे शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठ कंपनी के किसी काम से इस्माईलाबाद गए थे।

काम से छुट्टी करने के बाद शाम करीब पौने 6 बजे इस्माईलाबाद से कंपनी के कैंप के लिए चले थे। मुन्ना ने बताया कि जब उनका ड्राइवर शकराहो कट से यूटर्न लेने लगे तो पीछे से तेज रफ्तार कैंटर आया और पीछे से टक्कर मारी। टक्कर लगते ही ठेकेदार अरविंद कुमार सड़क पर जा गिरा। उधर, कैंटर का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर पलट गया। हादसे में वे सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सड़क किनारे जा गिरे। हादसा में उसे, मोहम्मद सलीम, रामानंद सिंह, रामचंद्र व अरविंद कुमार को गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी चौड़मस्तपुर पहुंचाया। यहां रात को ठेकेदार अरविंद कुमार सिंह की गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई।



### कांग्रेस नेता सुरेंद्र सैनी भिवानीखेडा के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता जन आक्रोश रैली के लिए रवाना

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानीखेडा के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता लाडवा में आयोजित जन आक्रोश रैली के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले सभी कार्यकर्ता भिवानीखेड़ा स्थित सुरेंद्र सैनी के कार्यालय पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधत करते हुए कहा कि रैली में शामिल कार्यकर्ताओं को राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा व लाडव विधायक मेवा सिंह सहित कई नेता संबोधित करेंगे। सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग है। इसी रोष स्वरुप लाडवा की जन आक्रोश रैली में अपार जनसमूह उमड़ेगा। सुरेंद्र सैनी ने कहा कि 2014 तक जो हरियाणा विकास दर, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, रोजगार देने में, गरीब कल्याण की योजनाओं में नंबर एक पर था। 10 साल तक हुड्डा सरकार के समय किसी वर्ग को अपने हकों के लिए सड़कों पर आकर आंदोलन नहीं करना पड़ा। वो आज बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, नशाखोरी और अहंकार में नंबर एक पर और विकास दर में 17वें स्थान पर पहुंच गया है।

सुबह के सत्र में 6250 और सायं के सत्र में 2409 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा का आयोजन जिला में दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक हुआ। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। सुबह के सत्र में 6250 और सायं के सत्र में 2409 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था। सुबह के सत्र के लिए 25 व सांय के सत्र के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए। सुबह के सत्र में सवा 10 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षार्थी अपने-अपने सेंटरों पर पहुंचने शुरु हो गए थे। केन्द्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से तलाशी, आईआरआईएस बायोमैट्रिक डाटा कैप्चरिंग करने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। बिना कलर एडमिट कार्ड के या बिना कलर फोटो के किसी भी परीक्षार्थी को एग्जाम सेंटर में जाने की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू रही व आसपास फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रही। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। पुलिस प्रशासन परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैदी से तैनात रहा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की गई। सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों पर विशेष तौर पर निगरानी रखी गई। बायोमेट्रिक तकनीकी से परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के चलते जिला में दिनभर जाम की स्थिति रही। हालांकि सरकार द्वारा परीक्षार्थियों ने लिए निशुल्क बस की व्यवस्था की गई थी लेकिन फिर भी कई परीक्षार्थी अपने निजी वाहनों द्वारा केंद्रों तक पहुंचे। इस कारण केंद्र के आसपास गाड़ियां खड़ी रही। परीक्षा समाप्त होने पर कई परीक्षा केंद्रों के बाहर लगभग एक घंटा तक जाम की स्थिति रही।

### सीईटी परीक्षा में 83.31 प्रतिशत अभ्यार्थी ने लिया भाग

**करनाल।** जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने बताया कि उपायुक्त अनीश यादव के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीईटी ग्रुप सी की लिखित परीक्षा आज रविवार को जिला में सभी 33 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई। कहीं कोई अनियमितता नहीं मिली। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रबंधों और जैमर आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया था। परीक्षा का आयोजन केवल एक ही समय सुबह के सत्र मे किया गया था । सभी 33 परीक्षा केंद्रों में 8069 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1616 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। इस प्रकार 83.31 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे, जबकि परीक्षा में 9685 अभ्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन द्वारा दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए बसों आदि की समुचित व्यवस्था पहले ही कर ली गई थी।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया बाबा जीवन सिंह का प्रकाशोत्सव

**नीलोखेड़ी।** गुरूद्वारा सिंह सभा कमेटी रेलवे रोड के सदस्य जस्विंदर सिंह ने बताया कि कमेटी द्वारा बाबा जीवन सिंह का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सुबह कीर्तन से की गई रागी जत्थों ने बैठी संगतों को गुरू बाणी के स्वरों से मुग्ध कर सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बनाकर रखा।जस्विंदर सिंह ने बताया कि बाबा जीवन सिंह द्वारा शहीद सिक्खों के नौवें गुरू तेगबहादुर का शीश दिल्ली से आनन्द पुर साहिब तक लाकर सिक्खों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह को दिया था और गुरू गोविन्द सिंह ने उन्हें गुरू का बेटा रंगरेता नाम की उपाधी दी थी।



### परम संत राजिंद्र सिंह का जन्म दिन मनाया

**करनाल।** रविवार को कृपाल आश्रम विकास नगर में दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज का जन्मदिवस व परम संत राजिंद्र सिंह महाराज का जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाया गया। आश्रम में सत्संग किया गया और भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचे। राजिंद्र सिंह जी महाराज के सानिध्य में सावन कृपाल रूहानी मिशन देश-विदेश में मानवता की भलाई का काम करता है।



### बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया

**करनाल।** सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की शिक्षा सुधार उप समिति की ओर से विभिन्न सरकारी स्कूलों में मेगा पेटीएम कर बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया गया। अभिभावकों को बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए समिति सदस्यों ने प्रेरित किया। साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताकर इससे दूर रहने का आह्वान किया।

---

### एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दिखे नए साल के रंग

# छात्रों ने वार्षिकोत्सव के साथ किया नव वर्ष का आगाज

**इस वार्षिक उत्सव को आगाज का नाम दिया गया, अतिथियों का स्वागत सुगन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव को आगाज का नाम दिया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत सुगन किया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव के साथ नव वर्ष का आगाज किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक महोदय सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल और विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक और अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य ने दर्शकों को खूब लुभाया. कई प्रस्तुतियां के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक किया गया. पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोबाइल फोन दुष्प्रभाव जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक महोदय सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ब चों का मनोबल बढ़ता है और पूरे वर्ष ब चों के द्वारा की गई शैक्षणिक, संस्कृति और खेल-कूद की गतिविधियों की जानकारी मिलती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता पाने वाले छात्रों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर उनको सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक ने विद्यालय में प्रस्तुत कार्यक्रम आगाज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगाज एक नए कल का निर्माण भारत को समृद्ध और उसके नवनिर्माण में अपना योगदान देकर एक नई सोच के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। आगाज एक अनुसंधान है जो अंतिम लक्ष्य चाहे कुछ भी हो एक अ छी शुरुआत मौलिक है और शुरुआत का आनंद लेना एक कला है जिसमें आगे की यात्रा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए व्यक्ति को महारत हासिल करनी चाहिए। प्रधानाचार्या डा विभा कौशिक ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढकर विद्यालय की प्रगति व आगामी वर्ष में कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं से उपस्थित अभिभावकगण को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में भांगड़ा और अतुल्य भारत की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।





एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बगों कार्यक्रम अपनी प्रतिभा का जलवा बिखरेतें हुये। *फोटो : हरिभूमि*

---

# भजन संध्या में दिखी प्रभु की भक्ति

■ महापुरुष ज्ञान का प्रकाश सदा के लिए देते हैं : मुनि पीयूष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जैन परंपरा के तेईसवें तीर्थंकर श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक शाम प्रभु पार्श्व के नाम भजन संध्या भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में *तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर* में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता श्री नवीन जैन ( अरिहंत ट्रेडर्ज, अंबाला छावनी ) ने की। झंडा फहराने की रस्म प्रधान श्री अशोक जैन, कमीशन एजेंट मुलाना के करकमलों से हुई और प्रभु पार्श्व दरबार का अनावरण समाजसेवी श्री पुनीत जैन, कमीशन एजेंट बनूड़ वाले ने किया। दोपहर लंगर की सेवा जैन एंड कंपनी प्रॉपर्टीज, करनाल की ओर से रही और कार्यक्रम की समाप्ति पर अल्पाहार का प्रबंध श्री राजेंद्र जैन ( पूर्व जैन सभा प्रधान, घरौंडा ) के सौजन्य से रहा। सर्व धर्म दिवाकर श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि महापुरुष सूर्य और चंद्रमा से बढ़कर होते हैं जो भूलोक से प्रयाण करने के उपरांत अपने ज्ञान की रोशनी मानव मात्र के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में छोड़ जाते हैं। भगवान पार्श्वनाथ जैन परंपरा के तेईसवें तीर्थंकर हैं जिनका संबंध वाराणसी ( काशी ) के इक्ष्वाकुवंशीय राजपरिवार से है। राजा अश्वसेन तथा महारानी वामादेवी के आत्मज भगवान पार्श्वनाथ आज से 2900 वर्ष पूर्व पौष कृष्ण दशमी को इस धराधाम पर अवतरित हुए थे।

### हलके में तेजी से हो रहा विकासः कल्याण

**घरौंडा।** विधायक हरविंदर कल्याण ने शहर में लगभग 44लाख के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि प्रदेश मुखयमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से शहर में विकास कार्य बड़ी तेजी से हो रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय विकास कार्यों में ओर तेजी आएगी। रविवार को विधायक हरविंदर कल्याण ने नगरखेड़े पर सांसद निधि से ग्यारह लाख रुपये से बनने वाले हाल का तथा लगभग 33 लाख की लागत से डिंगरमाजरा से शमशान घाट रोड तक बनने वाली सड़क की आधारशिला रखी। विधायक कल्याण ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि इस सड़क को लोगों की सुविधा के लिए लम्बाई बढ़ाई जाए।



इंद्री के गांव मुरादगढ़ में अपना हल्का–अपनी चौधर की पंचायत मे लोगों को संबोधित करते प्रदीप कांबोज । *फोटो : हरिभूमि*

### चौधर मुहिम की 13वीं जोन पंचायत हुई

**इंद्री।** इंद्री के गांव मुरादगढ़ में अपना हल्का-अपनी चौधर की 13वीं जोन पंचायत हुई । जिसमे बाहरी को भगाओ और अपने को बनाओं के नारों के बीच लोगों ने बाहरी व्यक्ति को इंद्री से टिकट देने पर उसका विरोध करने का ऐलान कर दिया। पंचायत में लोगों ने कहा कि इस बार इंद्री हल्के से हल्के का व्यक्ति ही विधायक बनाएंगे तथा बाहरी को टिकट दिया तो हराकर भगाएंगे। पंचायत में इस मुहिम को गति देने के लिए एक व्यक्ति द्वारा 10-10 लोगों को मुहिम के साथ जोडने का संकल्प लिया। । इस मौके पर जय प्रकाश कांबोज, नंबरदार मेहर सिंह, देशराज कांबोज, सुरेन्द्र शर्मा, प्रदीप कांबोज, रतन सिंह कलरी, कर्मसिंह, धनपत मौर, धर्मराज व किरण कांबोज ने कहा कि इस बार जनता इंद्री हल्के से बाहर के व्यक्ति को टिकट देने वाले दलों एवं नेताओं का विरोध करेगी।

---



इंद्री के गांव भौजी खालसा मे लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता ।

### शिविर मे 94 लोगों ने किया रक्तदान

**इंद्री।** स्वर्गीय शिव कुमार की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गांव भौजी खालसा के ग्राम सचिवालय में किया गया। शिविर के लिए लगभग 110 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 94 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। स्वर्गीय शिव कुमार के भाई जसबीर ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है,हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए । संजीव मलिक ने कहा की नियमित रक्तदान से जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है । शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए।



### 51 स्वेटर व बिस्कुट वितरित किए

**करनाल।** भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा की ओर सेवा प्रकल्प के तहत पूर्व अध्यक्ष व शाखा संस्थापक मोहन ग्रोवर की याद में राजकीय प्राइमरी स्कूल में बजीदपुर में 100, आदर्श विद्या मंदिर गांधी नगर में 20 तथा राजकीय प्राइमरी स्कूल बीड़ नारायणा में 51 स्वेटर व बिस्कुट वितरित किए गए। प्रकल्प प्रमुख स्वाति अनुज ग्रोवर ने कहा कि विद्यार्थियों को अगर किसी तरह की जरूरत है तो उसे पूरा करने का प्रयास किया जाता है। शाखा सदस्य मधु पाठक ने बजीदपुर की आंगनवाड़ी में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सुझाव व स्तनपान संबंधी जानकारियां दी। इस अवसर पर अभिमन्यु शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा, प्रांतीय संयोजक चिकित्सा एवं नेत्र सुरेंद्र सांदल, सचिव तृप्ता सांदल, कोषाध्यक्ष मधु ग्रोवर, पूर्व अध्यक्ष कविता मल्होत्रा, विद्या भाटिया, राजीव भाटिया, राज कुमार, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डा. केएल चावला, सुशीला चावला, विहान, सुनील, कमला, सुरेंद्र कक्कड़ रहे।



### जरूरतमंदों को बांटे जुटे व वस्त्र

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा शीत ऋतु में जरूरतमंदों को ठण्ड से बचाव हेतू नेकी की दीवार पर जूते और कपड़े पुराने वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला के तत्वाधान एवं नेकी की दीवार प्रमुख राजेन्द्र गोयल की देख रेख मेंआयोजित किया गया। सेवा के सूत्र पर कार्य करते हुए भारत विकास परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों के सहयोग से आज लगभग 70 जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र एवं जूते चप्पल वितरित किए गए।इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने आमजन एवं शाखा सदस्यों को समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहां की हम सब का नैतिक कर्तव्य है कि हम समाज के हर एक वर्ग को साथ लेकर चलें और जरूरत के समय हर जरूरतमंद परिवार की हर तरह से मदद करें। इस अवसर पर इस अवसर पर शाखा सचिव कपिल धीमान शाखा कोष अध्यक्ष मनीष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष

### लक्ष्य निर्धारण कर जीवन में आगे बढ़ें

**कुरुक्षेत्र।** उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने कहा है कि हमे अपने लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ना चाहिए। जब कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को समझ लेता है तो निश्चित रूप से ही वह अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल होता है। वे शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर शिविर के इंचार्ज राजबीर सिंह, शिक्षक शशीभूषण शास्त्री व यशपाल शर्मा ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान गांव की पंच व योग शिक्षिका मीनू चौधरी ने बच्चों को योग व मेडिटेशन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

---



**करनाल।** श्री राम मंदिर में भजन करते हुए कलाकार व अन्य।

### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर श्री राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर 8 करनाल में बड़े उत्साह के साथ नव वर्ष के पूर्व संध्या पर महिला सत्संग मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में अनु खट्टर ने सरोज शर्मा पूनम पोपली सुषमा धमीजा बेबी इत्यादि ने मिलकर भजनों के द्वारा प्रभु को रिझाया श्रद्धा सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान से प्रार्थना करते हुए झूमते हुए मुस्कुराते हुए मस्ती के साथ तेरे नैना दे पिआलिया तो जरा पीती है मेनू दुनिया दे लोकौ जरा होश ना रही चुप कितया जुबा एह खामोश ना रही मेरी एक एक गल्दा तराना हो गया मैं दीवाना हो गया मैं मस्ताना हो गया इससे पूर्व मंदिर के प्रांगण में श्री सुंदरकांड का पाठ बड़े भाव चाव से हर रविवार की तरह हुआ इस अवसर पर प्रधान अशोक मदान पवन धमीजा मुरारी बत्रा सतीश शर्मा शाम धमीजा इत्यादि ने बढ़ चढकर भाग लिया

### श्रीमद्भागवत कथा में बताया भक्ति का मार्ग

**करनाल।** समस्त भागवत भक्तवृंद करनाल की ओर से श्री कर्णेश्वरम महादेव मंदिर सेक्टर सात में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम अवसर पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालु भजनों पर आनंदित होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को नवर्ष की बधाइयां देते हुए भगवान श्री कृष्ण से सब पर कृपा बरसाए रखने के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर पंडित शिवम विष्णु जी पाठक ने सभी मनुष्यों से आह्वान किया कि सात दिन में जो आपने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया है उसे जीवन में आत्मसात करें। आप सभी लोग सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें कथा सुनने का अवसर भगवान ने प्रदान किया। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर मंगल कामनाएं की गई।

# स्व. चौ. चंदा सिंह के कार्यों को किया

■ विभिन्न राजनीतिक दलों ने पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बेटे व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ललित बुटाना सहित तमाम कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पहले ललित बुटाना व अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री चौ. चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ में आहुति डाली और उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर ललित बुटाना ने कहा कि उनके पिता स्व. चौ. चंदा सिंह समाज सेवा में हमेशा आगे रहते थे। आज भी लोग उनके द्वारा करवाए गए कार्यो को याद करते है। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेकों विकास कार्य करवाएं, जिन्हें आज भी लोग याद करते है। वहीं कांग्रेस की पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने भी पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। सुमिता सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री चौ. चंदा सिंह एक महान व्यक्ति थे। इस अवसर पर असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर गोगी, विधायक धर्मपाल गोंदर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक सुमिता सिंह, पूर्व विधायक रिसाल सिंह आदि रहे।



पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेस नेता एंव कार्यकर्ता।



**इंद्री।** हर्बल पार्क इंद्री में बैठक करते मिड डे मील वर्कर यूनियन के कर्मचारी ।

### मिड डे मील वर्कर यूनियन ने की मांगों को लेकर बैठक

**इंद्री।** हर्बल पार्क इंद्री में मिड डे मील वर्कर यूनियन की बैठक शिमला देवी की अध्यक्षता में हुई । बैठक मे मुख्य रूप से जगपाल राणा सीटू जिला सचिव व मदन कलरा सीटू जिला कमेटी सदस्य ने संबोधित किया । मिंटिंग मे वक्ताओ ने कहा कि उनकी मुख्य मांगे मिड डे मील कर्मचारियो को पक्का कर्मचारी बनाया जाए या तब तक न्यूनतम वेतन 26000 दिया जाए, वेतन दस महीने की बजाए बारह महीने का दिया जाए, रिटायरमेंट की अआयु 65 साल की जाए, वर्दी भत्ता दो हजार रूपए दिया जाए, घायल होने पर इलाज के लिए 50 हजार रूपए व मृत्यु होने पर पांच लाख रूपए का मुआवजा दिया जाए आदि मुख्य मांगे शामिल है । इस मौके पर सारिका, रीटा,किरण बाला, निर्मला, राजबाला व सरोज आदि उपस्थित रहें ।

---

### जनसंपर्क कर जाना ग्रामीणों का हाल

**कुरुक्षेत्र।** एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने शाहबाद के गांव यारा और बुहावा में ग्रामीणों से मिलकर शाहबाद की खुशहाली हेतु जनसंपर्क अभियान शुरू किया। गांव यारा पहुंचने पर सरपंच शोभा शर्मा और उनके प्रतिनिधि प्रेमचंद फौजी ने सुभाष कलसाना व दीपक आनंद का माला पहनाकर स्वागत किया।

इसके पश्चात ग्रामीणों से जनसंपर्क अभियान शुरू किया। उन्होंने लोगो से आग्रह किया कि हमे शाहबाद की खुशहाली के लिए नशा मुक्त - पर्यावरण युक्त अभियान में सहयोग करना चाहिए। आज शाहबाद के अंदर अनेको समस्याएं है आमजन को आगे आकर समस्या के समाधान हेतु सहयोग करना चाहिए।

### नए साल के उत्सव में श्री खाटू श्याम सांवरे की दिखी भक्ति

# नया साल श्री खाटू श्याम सांवरे के नाम की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट तरावड़ी की ओर से नया साल सांवरे के नाम कार्यक्रम का आयोजन शहर के रेलवे स्टेशन के पास नत्था सिंह नगर में निर्माणाधीन बाबा खाटू श्याम मंदिर में किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। जय श्री श्याम, हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। भजन गायकों ने देर रात तक बाबा खाटू श्याम जी के भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य संयोजक विनित बंसल एवं अशोक बंसल द्वारा किया गया। महिला विंग ने कीर्तन में आने वाली महिला श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। भजन कीर्तन में भजन गायक शोभित गुप्ता, करनाल से भजन गायक गतिक सिंगला व तरावड़ी से भजन गायक सोनू तिलकधारी ने भक्तिरस की ऐसी गंगा बहाई कि श्रद्धालु देर रात तक गोते लगाते रहे। बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए। भजनों पर तरावड़ी शहर समेत आसपास के क्षेत्र के श्याम प्रेमी देर रात तक झूमते रहे। चंडीगढ़ से भजन प्रवाहक मोनू दुआ, घरौंडा से भजन गायक शोभित गुप्ता, करनाल से भजन गायक गतिक सिंगला व तरावड़ी से भजन गायक सोनू तिलकधारी बाबा खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। उन्होंने मधुर भजन सुनाते हुए श्याम प्रेमियों को खूब लुभाया। खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गए भजन से शुरुआत हुई। इस अवसर पर विनित बंसल, कृष्ण गोयल, पंकज गोयल, प्रवीण गर्ग, रूशिल गुप्ता, रमेश गुप्ता, अमन गुप्ता, अशोक बंसल, प्रमोद बंसल, चुनीत बंसल, बृजभूषण गोयल, पुष्कर गोयल, नीरज गुप्ता, नितेश मंगल, अंकुर गर्ग, विपुल गर्ग, अंकुश गुप्ता, संजय सैन, सुनील ग्रोवर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



तरावड़ी में आयोजित नया साल सांवरे के नाम कार्यक्रम में जयकारे लगाते श्याम प्रेमी।



**करनाल।** कांग्रेस नेता अंशुल लाठर द्वारा आयोजित सभा के दौरान कांग्रेस में शामिल होते युवा। *फोटो : हरिभूमि*

### कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो

**करनाल।** रविवार को बहुजन समाज पार्टी के 50 से ज्यादा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए। जाटो गेट में युवा कांग्रेस नेता अंशुल लाठर की ओर से आयोजित सभा में बसपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस नेताओं ने पार्टी का पटका पहनाया गया और सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह व पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जनता की आवाज उठा रही है। यही वजह है कि बसपा के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। भारी जन समर्थन मिल रहा है। विपक्षी पार्टियों के लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस में शामिल हुए युवाओं ने कहा कि उन्हें यकीन है कि कांग्रेस भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलाएगी और बेरोजगारी की समस्या को जड़ से खत्म करेगी। इस अवसर पर अंशुल लाठर व अमनदीप ने कहा कि कांग्रेस के शासन में युवाओं का भला हो सकता है। कांग्रेस युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी। इस अवसर पर जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना, युवा नेता अंशुल लाठर, एडवोकेट अमनदीप सिंह, राजिंद्र अरोड़ा पप्पी आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### घर से जेवर व नकदी चोरी की

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के भगत नगर निवासी कलावती के कमरे से उनके ही मकान में किराए पर रह रहे अखिलेश निवासी गांव जुलालपुर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश के पुत्रों सत्यम व शिवम चोरी कर ली। वारदात के समय कलावती अपने कमरे की अलमारी को ताला लगाकर गांव गई हुई थी। लौटने पर अलमारी से 22 हजार कैश समेत सोने का कंगन और अंगूठी गायब मिली।

### अभिनेता रंगीला को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** रंगमंच कला संगम के सरपरस्त सूरजभान रंगीला को को आज श्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बुल्ले शाह, बलजीत सिंह, सुनील वर्मा, गगन सेठी, लेखक रमेश पुहाल, रंगमंच कला संगम के चेयरमैन कृष्ण लाल मोंगा, प्रधान रमेश मल्होत्रा, पूर्व प्रधान तुलसीदास गुप्ता, हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान विनोद पांचाल, चंदगी राम प्रजापत, संजय ,श्यामलाल, युधिष्ठिर, चांदराम, जोगिंदर आदि शामिल रहे।

### सीवर की सफाई करवाई समस्या मुक्त करवाया

**पानीपत।** नगर निगम के वार्ड 15 के शिवनगर में खन्ना कोठी के सामने वाली गली में पिछले कई महीने से लोग सीवर जाम व उसके ओवरफ्लो से परेशान थे, जिसकी वजह से सड़क भी खस्ताहाल हो चुकी है। नागरिकों के आग्रह पर ठेकेदार नरेश ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मशीन भेजकर सीवर की सफाई करवा दी व लंबे समय से परेशान लोगों को समस्या से मुक्ति मिली।

### कन्या के विवाह में मदद दी

**पानीपत।** यूथ वीरांगनाएं संस्था से संस्था की जिलाध्यक्ष बृजबाला, ज्योति सैनी, कविता मलिक, उपासना,बिमला, मीनू ढींगरा, अनिता बंसल व कौशल्या आदि द्वारा साई कालोनी निवासी जरूरतमंद परिवार की लड़की की शादी में सर्दी के कपड़े, रजाई, दुल्हन के लिए सूट, साड़ी, पैंट, शर्ट, ज्वेलरी, बर्तन, शॉल व शादी में काम आने वाला राशन का सामान भेंट किया।

### नव वर्ष में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव निबंरी में स्थापित श्री सोमनाथ धाम में नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक विशेष सत्संग का कार्यक्रम किया गया। सत्संग में आश्रम के आचार्य रत्नेश त्रिपाठी ने अपने प्रवचनों में गुरु की महिमा को विस्तार पूर्वक बताया तथा नव वर्ष में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कांता छाबड़ा, संतोष मनोचा, दीपा जुनेजा, नीलम विज, मोहिद्र कंसल व टीटू एण्ड पार्टी ने भजनों से संगत को निहाल किया।

### पट्टीकल्याणा में सफाई अभियान चलाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव गांव पट्टीकल्याणा में सरपंच मुकेश पहलवान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। खुद सरपंच मुकेश ग्रामीणों के साथ मिलकर गलियों से कुड़ा कचरा उठाते नजर आये। सरपंच मुकेश पहलवान ने बताया कि वह पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन से प्रभावित हैं। इसलिए गांव को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए पिछले दो महीने से स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है।

### प्राकृतिक चिकित्सा कैंप शुरू

**पानीपत।** गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम गांव पट्टी कल्याणा द्वारा अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा समिति राजघाट नई दिल्ली के तत्वावधान में डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसका मुख्य अतिथि डॉ. नरेश गुलाटी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. आकाश न्यासी मंडल की सदस्य हेमलता रावत, कविता, सुनीता, लक्ष्मी, गोविंद, प्रकाश, संतोषी, ममता एवं संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

आर्य कॉलेज, पानीपत में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

# नव वर्ष में श्रेष्ठ मानव बनना हमारा संकल्प हो, मानव सेवा हमारा प्रकल्प हो : डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच की गोष्ठी में शिकरत करते कविगण।

अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में आर्य कॉलेज,पानीपत में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सुश्री सोनिया सनम अक्स ने की तथा उसके मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि क्रमशः सलीम जावेद कैरानवी व सुभाष भाटिया रहे। वहीं मंच का संचालन कमलेश कुमार पालीवाल 'कमल' ने किया। मंच के संरक्षक डॉ. एपी जैन ने अमरोहा, कैराना (उ.प्र.), रोहतक, करनाल, कुंजपुरा, आदि स्थानों से आए साहित्यकारों का विशेष हार्दिक धन्यवाद व अभिनंदन किया। इधर, डॉ. एपी जैन ने सुनाया कि नव वर्ष में, श्रेष्ठ मानव बनना हमारा संकल्प हो, मानव सेवा, मानवता की रक्षा हमारा प्रकल्प हो। वहीं शकील जठेडी ने सुनाया कि मैं लिखना चाहता हूं दुनिया को हंसाने के लिए, मन मानता ही नहीं सच को छुपाने के लिए। जबकि मनीष अश्क ने सुनाया कि हमी से पूछे हैं रकीब के घर का पता, या खुदा हमें रुलाएंगे क्या। सलीम जावेद कैरानवी ने सुनाया कि हमारे पांव के छालों को देखकर अक्सर, हमारी राह के पत्थर सवाल करते हैं। मनोज मधुरभाषी ने सुनाया कि चलने का हुनर रखता हूं, मगर कहीं पर मैं रुकूंगा नहीं, ए हवा तू अपनी रफ्तार बढ़ा ले, तेरे आगे मैं कहीं झुकूंगा नहीं। आलोक शर्म अजनबी ने सुनाया कि मैं धूप सा रहना जानता हूं, जमीन से जुड़कर रहना जानता हूं, काटो, सुखा दो, फिर जला दो मुझको, मैं फिर से उगना जानता हूं। मुकेश अमरोही ने सुनाया कि तुझे मुस्ताक-ए-हमजा मानूंगा मेरे हबीब, गर तस्वीर के साथ मिरा दर्द भी खींच ले। गुलशन सपरा ने सुनाया कि दूध में चावल ना डालें तो खीर नहीं बनती, बगैर बुजुर्गों की दुआओं के तकदीर नहीं बनती। धर्मेंद्र अरोडा मुसाफिर ने सुनाया कि गम का दरिया पार करना सीखिए, जिंदगी के पर कतरना सीखिए; वक्त की सरगोशियां ये कह रही, अज्म में अंगार भरना सीखिए। कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने सुनाया कि कल कभी आता नहीं, आज कभी जाता नहीं, अपना समझ बतला रहा हूं, यूं तो 'कमल' बतलाता नहीं। सोनिया सनम अक्स ने सुनाया कि ऐसे, वैसे, कैसे-कैसे हो गई मिट्टी, हम तुम क्या हैं, अच्छे-अच्छे हो गए मिट्टी; इक बच्चे को भूखा देखा सोनम जब, सारे ओहदे, सारे तमगे हो गए मिट्टी। नरेश लाभ ने सुनाया कि है नव वर्ष तुम्हारा अभिनंदन है, मिटें सभी संघर्ष प्रभु आपका वंदन है; रहे ना कोई क्लेश, प्रकृति कितनी सुंदर है, स्वच्छ रहे परिवेश,सुगंधित हर उपवन है। सुरेंद्र धीमान बापौली ने सुनाया कि बोलते हुए शब्दों को कहां तोलते हैं लोग, अब तो बस बोलते ही बोलते हैं लोग, दोष देते हैं हर बात का दूसरों को, अपने मन को कहां टटोलते हैं लोग। सुभाष भाटिया ने सुनाया कि कैसे देखोगे तुम सूरज को, वह तो काली चादर ओढ़ रहा है, धुंध की चादर रची उसी ने, वह कर्म फल को भोग रहा है। प्रो इंदिरा खुराना ने सुनाया कि जीने का यदि जज्बा हो तो, जीवन का कोई अंत नहीं है, अंग यदि शिथिल हो जाये तो, विचारों के प्रवाह पर प्रतिबंध नहीं है। महावीर गोयल पट्टीकल्याणा ने सुनाया कि सितम करना ही क्यों है।



## चेतना परिवार ने शुरू किया कंप्यूटर सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी कॉलेज के प्राचार्य और चेतना परिवार के न्यासी डॉ. अजय गर्ग द्वारा नगर की पिछड़ी बस्ती डाबर कॉलोनी ने आखिरी बेटियों के लिए शुरू किए गए कंप्यूटर केंद्र का उद्घाटन किया गया। यहां पर बोलते हुए प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने कहा कि आज का युग कंप्यूटर का युग है। अधिकतर कार्य कंप्यूटर के माध्यम से ही संपन्न हो पाते हैं। इसलिए बेटियों को चाहिए कि मन लगाकर कंप्यूटर का कोर्स करें ताकि आने वाले समय में इसका सदुपयोग किया जा सके। डॉ. गर्ग ने कहा कि चेतना परिवार ने अनपढ़ता के खिलाफ शिक्षा का अभियान चला कर देश से अज्ञानता का अंधकार मिटाने का कार्य किया है। इस अवसर पर प्रो. ईरा गर्ग ने मिठाई बांटी और महिलाओं को बताया कि देश एवं परिवार की बेहतरी के लिए हमें संघर्ष करना पड़े तो करना चाहिए।

स्कूल को चलाने का दायित्व गुडगांव से अतर सिंह ने लिया। चेतना परिवार के न्यासी बलराज एलाबादी ने सभी का धन्यवाद किया तथा बताया कि इस चेतना कंप्यूटर सेंटर के लिए कंप्यूटरों की सेवा पाइट के संस्थापक हरिओम तेल ने की है।

### जरूरतमंद की सेवा ही सच्ची प्रभु भक्ति है : जैन

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से आज हरी नगर स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में वार्ड 26 में रहने वाले जरूरतमंद बुजुर्गों औरतों व बच्चों को गर्म जैकेट व शॉल वितरण की गई। मुख्य अथिति भाजपा पार्षद विजय जैन, वशिष्ठ अथिति मनोज शर्मा, अजमेर कादियान व अमित तायल ने अपने हाथों से अभियान की शुरूआत की। वहीं विजय जैन ने कहा कि समाज सेवा संगठन ठंड के मौसम में जरूरतमंद को गर्म कपड़े व शाल वितरण कर बहुत ही सरहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए। कहा भी गया है कि जरूरतमंद की समय पर सेवा करना ही सच्ची प्रभु भक्ति है। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से वार्ड 26 हरिनगर में बुजुर्गों, औरतों व बच्चों को 500 गर्म सूट 250 शॉल वितरण की गई। जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्यशाली हैं हमें आज जरूरतमंद बहनों व बच्चों का प्यार मिला। इस अवसर पर प्रवीण जैन, नीरज जैन, कैलाश जैन,अमित जैन, सुभाष शर्मा, अशोक शर्मा, दीपक गोस्वामी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज प्रथम

- महोत्सव में पूरे हरियाणा राज्य के लगभग 750 युवा प्रतिभाओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। युवा महोत्सव का पुरस्कार प्राप्त करते हुए आर्य कालेज के विद्यार्थी।

पंचकूला में हरियाणा के राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2023 का आयोजन हुआ। इस महोत्सव में पूरे हरियाणा राज्य के लगभग 750 युवा प्रतिभाओं ने भाग लिया। महोत्सव में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने महाविद्यालय के साथ साथ पानीपत जिले का भी नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आर्य कॉलेज विद्यार्थियों ने हरियाणवी गुरप डांस, हरियाणवीं गुरप गान, फोटोग्राफी और हरियाणवीं आर्केस्ट्रा में पहला स्थान। सोलो डांस में दूसरा स्थान प्राप्त किया और साथ ही आर्य कॉलेज के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप 3 लाख 55 हजार रुपए की राशि भी हरियाणा सरकार द्वारा भेंट की गई। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 12 से 16 जनवरी को महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन करवाया जाएगा। जिसमें आर्य कॉलेज के युवा हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे और हमें अपने विद्यार्थियों पर पूरा विश्वास है कि जैसा प्रदर्शन इन्होंने राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में किया है इससे भी बेहतर प्रदर्शन हमारे युवा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी करेंगे। वहीं कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर ने कहा कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जीत हासिल कर पूरे आर्य कॉलेज परिवार को नए साल का तोहफा दिया है। प्रबंधक समिति के सदस्य निखिल ने कहा कि इस जीत से पानीपत के युवाओं ने राज्य को गौरवान्वित किया है।

## जजपा की नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी : जयदेव

**पानीपत।** जजपा के प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने दावा किया कि सात जनवरी को घरौंडा में आयोजित होने जा रही जजपा की करनाल लोकसभा क्षेत्रीय नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में करनाल व पानीपत क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वहीं रैली को कामयाब बनाने के लिए जजपा नेता व कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जजपा की हर रैली अपनी पुरानी रैली का रिकार्ड तोडती है, वहीं घरौंडा में आयोजित होने जा रही नव संकल्प रैली जजपा के इतिहास में सबसे बडी रैली साबित होने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जजपा ने जनता से किए हर चुनावी वादे को पूरा कर दिया है। इसके चलते जनता जजपा की नीति व नीयत से बेहद खुश है।


जजपा प्रवक्ता जयदेव नौल्था।

## देश व समाज की सेवा करें विद्यार्थी

- आर्य स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। प्रधानाचार्य मनीष घनगस के साथ एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थी।

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनएसएस यूनिट के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ यज्ञ के द्वारा किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य मनीष रहे। शिविर में पहुंचने पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार, प्रवीण वर्मा तथा संदीप ने पुष्पकुंज देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने एनएसएस सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा का वर्णन किया। शिविर की अवधि 31 दिसम्बर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक है। इस बार शिविर की थीम आत्मनिर्भर भारत है। प्राचार्य मनीष ने कहा जीवन में लक्ष्य का होना बहुत ही अनिवार्य है और उसके लिए आत्मविश्वास और रणनीति जिसके तहत उसे उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके वह समय से मिल जाये बहुत जरूरी है। बच्चों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना पैदा करना ही इस शिविर का उद्देश्य है। इस अवसर पर प्रवीण वर्मा तथा संदीप ,मनोज, जोनी व अनूप उपस्थित रहे।

## सांसद संजय ने सुनीं मोदी के मन की बात

- प्रधानमंत्री ने एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज की कल्पना का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। सांसद संजय भाटिया पीएम मोदी के मन कार्यक्रम में संबोधन करते हुए।

करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने रविवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना और उन बातों को सांझा भी किया। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह से लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए और सामाजिक प्रतिबद्धता को सबके साथ सबके सामने रखा है। उससे उनकी लोगों के प्रति दूरदर्शिता झलकती है कि वह किस तरह से समाज के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ रहने की कामना करते हैं और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हैं। संजय भाटिया ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक प्रतिबद्धता को साथ लेकर चलना चाहिए ताकि हम समाज के हर तबके को ऊंचा उठा सकें। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना ही हर आदमी का लक्ष्य होना चाहिए। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, हरियाणा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरिता डांगी, रफाकत हसन, प्राण रत्नाकर,सुनील सोनी व महेश थरेजा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### काबड़ी में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबड़ी में एनएसएस का विद्यालय स्तरीय सात दिवसीय शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य रणबीर जागलान एवं समाजसेवी पप्पू रावल व रामपाल शर्मा ने रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पूर्व प्राचार्य रणबीर जागलान ने चरित्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा पीढ़ी को चरित्रवान बनाना और महापुरुषों की सोच को आगे बढ़ाना ही इस तरीके के कार्यक्रमों का उद्देश्य होता है।

## सर्दी से बचाव को 11 हजार निर्धनों को कंबल बांटे

- गणमान्य व्यक्तियों ने मेहमानों का फूल मालाओं और पगडी पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। सनौली गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संतगण व शशिकांत कौशिक।

समालखा हलके की जनता की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रहा हूं और आगे भी ऐसे ही करता रहूंगा। उक्त सेवा का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उनका उद्देश्य अपने स्वर्गीय पिता मा.सतपाल कौशिक द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर उनके सपने का साकार करना है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व वरिष्ट नेता शशिकांत कौशिक ने नव वर्ष से एक दिन पहले सनौली खुर्द गांव की अनाज मंडी में आयोजित किए गए दुसरे कंबल वितरण समारोह के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने 11 हजार कम्बल हलका समालखा की जनता को सम्मान स्वरूप वितरित किए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के गुरू श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कालिदास स्वामी स्वामी कृष्णानंद महाराज व श्री श्री 1008 दयानंद सरस्वती महाराज और ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी योगेश्वर दत्त शर्मा ने विशेष मेहमान के रूप में शिरक्त की। कार्यक्रम की व्यवस्थापक ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र शर्मा सतनाली, रमेश शर्मा, जलालपुर सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार रावल, सनौली खुर्द सरपंच संजू त्यागी, बलवान कांगड़ा, रणजीत शर्मा, सरपंच नवीन शर्मा, सरपंच ईश्म रावल, पूर्व सरपंच मिंटू शर्मा, पूर्व सरपंच पाले राम शर्मा, जस्सा कुराड, पूर्व चेयरमैन डा.धर्मवीर शर्मा बापौली, आलोक बंसल,आनंद भाटिया जलालपुर प्रथम, बापौली मंडल उपाध्यक्ष नारायण बैरागी, जाट धर्मार्थ सभा समालखा के प्रधान सुभाष कुहाड आदि गणमान्य व्यक्तियों ने मेहमानों का फूल मालाओं और पगडी पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## श्री राम मंदिर में कलश स्थापना

पानीपत। डॉक्टर अंबेडकर उपनगर की गोपाल बस्ती के भारत नगर में श्री राम मंदिर के मुख्य पुजारी यशपाल द्वारा मंदिर में कलश स्थापना करवाई गई। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे व पुरूष शामिल हुए। इस अवसर पर पुजारी यशपाल ने बताया कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से निमंत्रण के रूप में अक्षत पहुंचे थे। जिनको लेकर आज मंदिर में कलश स्थापना की गई है। जिसकी विधिवत रूप से पूजा की जायेगी तथा 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना कर घी के दिये जलाएं जायेंगे।

## जनसेवा करें कार्यकर्ता : धर्म

**पानीपत।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी हर जिलों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन रात काम करे। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने के यह निर्देश समालखा हल्के में कांग्रेस पार्टी की ओर से हुई बैठक में विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने दिए। बैठक में अनेक गांवों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली का वार्षिक स्थापना दिवस

**कुरुक्षेत्र।** श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली का 61वां वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के 61 वा स्थापना वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः कीर्तन और दोपहर 1 बजे प्रसाद वितरण हुआ। पुजारी पंडित राहुल मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना की गई। भक्त सुशील तलवाड़, सुरेन्द्र शर्मा, निशा अरोड़ा, पूजा कुकरेजा, शिमला धीमान,सुमित्रा पाहवा, अनु पाहवा आदि ने मां दुर्गा की भेंटे गाई। समस्त विश्व कल्याण हेतु नव वर्ष 2024 मंगलमय हो इसलिए 1 जनवरी 2024 को साईं संध्या सायं 3:30 बजे गायक लखबीर सिंह लक्खा व पार्टी द्वारा किया जाएगा। मंदिर के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 31 दिसम्बर 1963 को श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के संस्थापक स्वर्गीय पण्डित शेषमणि मिश्रा जी और स्वर्गीय भक्त बिशन लाल छाबड़ा ,स्वर्गीय सरदार राम किशन सिंह, स्वर्गीय भक्त मुंशी राम कंसल, स्वर्गीय भक्त गोपी राम कंसल,स्वर्गीय खान चन्द मदान आदि ने समस्त पिपली निवासियों के अथक प्रयासों द्वारा श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली को बनवाया था। सनातन धर्म में बताया गया कि घर में रहते हुए सुबह शाम को भगवान की आरती करनी चाहिए। जिस घर में आरती होती है वहां गृह कलेश नहीं होता और परिवार में सुख शांति समृद्धि होती है। दिव्य चेतनाओं की सकारात्मक ऊर्जा रहती है। नजर दोष नही होता। भगवान की अनन्त कृपा के लिए हार्दिक धन्यवाद आरती में होता है। सभी भक्तों ने संकल्प लिया कि हम घर में भगवान की आरती जरूर करेगें।

**कार्यक्रम** | वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

## धरती पर भगवान का स्वरूप हैं बुजुर्ग : रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। जीओ गीता समिति के संयोजक व हरियाणा सैनी समाज के अध्यक्ष कंवर रविंद्र सैनी को सम्मानित करते

पानीपत की सब्जी मंडी स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के भवन में रविंद्र एक मीटिंग का आयोजन अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सेठी की अध्यक्षता में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जीओ गीता समिति के संयोजक व सैनी समाज हरियाणा के अध्यक्ष कंवर रविंद्र सैनी रहे। मुख्य अतिथि रविंद्र सैनी का सम्मान समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं पगड़ी पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि कंवर रविंद्र सैनी ने कहा कि व्यक्ति अपना स्वभाव नहीं छोड़ सकता। कंवर रविन्द्र सैनी ने गीता के पहले अध्याय का पाठ भी करवाया और कहा कि धरती पर भगवान का स्वरूप है बुजुर्ग, सभी को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। समिति के नए सदस्य बने सुंदर सिंह दुआ को भी सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सेठी ने आए हुए अतिथियों और सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य नंद लाल गुलाटी, महामंत्री ओम ढींगड़ा, उपेंद्र दुआ, बलजीत राय, तिलक राज छाबड़ा, हरीश खुराना, ओपी चुघ, पुरूषोत्तम शर्मा, ईश्वर शर्मा, श्रीराम कत्याल, एनके आहूजा, जसवन्त नारंग, एनके गोयल, ईश्वर सेठी, सुभाष गर्ग, आईएन कुकरेजा, एसजी आहुजा, वेद शर्मा, सतीश गुप्ता, बसंत रामदेव व जोगिन्द्र खुराना आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में हुई मौत के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी रामचंद्र को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता रमेश चंद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 दिसंबर 2023 को गांव हमीदपुर के पास किसी वाहन चालक ने अपनी कार को लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए मंजेश कुमार मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई थी।

### युवती से अश्लील हरकत करने का आरोपी काबू

**जींद।** गांव धमतान साहिब में युवती से अश् पर गढ़ी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धमतान साहिब निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि गत 28 दिसंबर को गांव के ही नरेश ने उसकी उसकी 15 वर्षीय भतीजी से अश् बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांव चाबा में घर के पास से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी

**कैथल।** गांव चाबा से चोर एक ट्रैक्टर-ट्राली चुराकर ले गए। चाबा के हरविंद्र सिंह ने गुहला थाना में शिकायत दी है कि 27 दिसंबर को उसने घर के पास ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी की थी। रात को चोर उसकी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी एएसआइ विकास ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेजधार हथियार से हमला करने पर मां व बेटा नामजद

**जींद।** गांव सच्चाखेडा निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने चचेरे भाई के पास जा रहा था। उसी दौरान विक्रम तथा उसकी मां गगां ने रोक लिया और तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने दीपक की शिकायत पर विक्रम तथा गंगा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाली करते हुए राशि समेत एक काबू

**सफीदों ।** सीआईए स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि मुआना गांव का साहिल उर्फ गोलू अपनी दूकान के बाहर सरेआम में सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस ने मौके पर रेड कर साहिल को काबू किया। तलाशी में उसके पास से सट्टे का पर्चा व 3870 रुपए बरामद किए।

---

### जिले का होगा विकास : 100 करोड़ के बैंक स्क्वेयर में एक छत के नीचे होंगी सभी बैंक शाखाएं

# नए साल में मिलेगी 700 करोड़ की नई योजनाओं की सौगात, 300 करोड़ में बनेगा ऐतिहासिक शहीदी स्मारक

- नागरिक अस्पताल अपग्रेड होने से मरीजों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

खट्टी-मीठी यादों के साथ वर्ष 2023 बीत गया। अब नया 2024 नई उम्मीदों के साथ शुरू हो रहा है। नए साल में लोगों को ऐसी कई बड़ी सौगातें मिलेंगी जिनका जीवन पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्विन सिटी में 700 करोड़ की ऐसी योजनाएं हैं जोकि पूरी होने जा रही हैं।





**अंबाला।** छावनी में बन रहा शहीदी स्मारक का लेआउट व निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर की बिल्डिंग।

### रोडवेज का बेड़ा होगा मजबूत, मिलेंगी 62 बसें

राज्य सरकार की ओर से नए साल में अंबाला डिपो को मजबूत किया जा रहा है। नए साल में 62 नई बसों को रोडवेज के बेड़े में शामिल किया जा रहा है। इससे यात्रियों को व्यापक फायदा मिलेगा। खासकर उन रुटों पर ये बसें दौड़ने की बात कही जा रही है जहां के लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इनमें नौ बसें एसी सुविधा से युक्त होंगी। बड़े में शामिल होने वाली बसों से अंबाला से चंडीगढ़, हरिद्वार, दिल्ली, पटियाला, जालंधर, देहरादून समेत कई रूटों पर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। इस साल में अंबाला डिपो को इलेक्ट्रिक बसों की सौगात भी मिली। इसके लिए बस स्टैंड पर चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं। पर्यावरण को ध्यान में रखने वाली इन बसों का संचालन अंबाला के कई रूटों पर होगा।

### 1857 की क्रांति के शहीदों को मिलेगा सम्मान

अंबाला छावनी में 1857 की क्रांति के शहीदों की याद में शहीदी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। 300 करोड़ की लागत से बन रहे इस स्मारक का 2024 में निर्माण पूरा हो जाएगा। शहीद स्मारक के निर्माण के साथ ही किताबों में पढ़ाया जाने वाला इतिहास भी बदल जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां बन रहे पार्क निर्माण को लेकर इतिहासकारों का दावा है कि 1857 की क्रांति का बिगुल मेरठ से नहीं बल्कि अंबाला से बजा था। गृहमंत्री अनिल विज कहते हैं कि 1857 की क्रांति की शुरुआत मेरठ से लगभग 9 घंटे पहले अंबाला से हुई थी और इस बात के तथ्य भी सामने आए हैं। यह स्मारक अंबाला को देश के मानचित्र पर नई पहचान दिलवाएगा। यहां वीरों की गाथा फिल्म, ओपन एयर थियेटर और लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दिखाई जाएगी।

अंबाला-जगाधरी रोड पर गांधी ग्राउंड के पास करीब 100 करोड़ की लागत से बैंक स्क्वेयर का निर्माण हो रहा है। 2024 में इसका लोकार्पण ... की व्यवस्था योजना पर काम पूरा होने की बात कही जा रही है। यह अंबाला की पहली 9 मंजिला बिल्डिंग होगी जिसमें तमाम बैंकों को स्थापित किया जाएगा। यह प्रदेश की पहली ग्रीन बिल्डिंग होगी। इसमें सोलर पैनल के जरिए बिजली उत्पादन व पानी के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर उसका फिर इस्तेमाल किया जा सकेगा। इमारत में बैंकों के साथ कॉरपोरेट ऑफिस व 80 शोरूम भी होंगे। यहां 300 सीट के ऑडिटोरियम, फूड कोर्ट, कॉफी ...ड की व्यवस्था होगी। बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर 620 वाहनों की पार्किंग होगी। 35 केएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 150 किलोवाट का सोलर पावर जनरेशन सिस्टम भी यहां लगाए जाने की योजना है। यास किए जा रहे हैं।

यहां दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला ओपन एयर थियेटर बन रहा है।। पर 4 मंजिला साइंस म्यूजियम बन रहा है। उस जगह फूड चेन लाने का प्रयास होगा ताकि पर्यटन आकर्षण का केंद्र बने।

#### 300 बैड का होगा सिविल अस्पताल

अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल के नए भवन का निर्माण भी नए साल में पूरा होने की संभावना है। इस अस्पताल को अपग्रेड कर 300 बैड किया जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने के बाद नए भवन का निर्माण भी शुरू हो चुका है। हालांकि पिछले कुछ महीने से यह काम लटका हुआ है। इस योजना के निर्माण पर 64.71 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल चुकी है। 300 बैड का अस्पताल बनने के बाद जिला के लोगों को राहत मिलेगी। यहां हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी। अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनें मुहैया करवाई जाएंगी ताकि रोगियों को बेहतर उपचार मिल सकेंगी।पिछले काफी समय से इस अस्पताल को अपग्रेड करने की बात हो रही थी। दरअसल अंबाला शहर नागरिक अस्पताल में हर रोज हजारों मरीज जांच के लिए आते हैं। यहां पंजाब एरिया के मरीज भी बड़ी संख्या में उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में अब इस अस्पताल के नए साल पर अपग्रेड होने से मरीजों को बड़ी राहत मिलने की बात कही जा रही है।

#### टीबी अस्पताल का नया भवन बनेगा

नए साल में टीबी अस्पताल को तोड़कर उसकी जगह नई बिल्डिंग का निर्माण शुरू हो चुका है। अबाला शहर के टीबी अस्पताल में प्रदेश का पहला रेस्पिरेटरी डिजीज कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। इसमें सांस व हृदय संबंधी बीमारियों दमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), निमोनिया, आईएलडी, टीबी, कोविड, जीका से पीड़ित रोगियों का इलाज होगा। इस सेंटर की कैपिसिटी शुरुआत में 100 बेड रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभी इसके लिए 150 बेड का प्लान तैयार किया है। यह सेंटर 5 मंजिला होगा। इसमें टीबी, एमडीआर टीबी एड्स, पल्मोनरी डिजीज के लिए अलग-अलग आईसीयू व सीसीयू होंगे। इसी प्रकार सभी बीमारियों के लिए पुरुषों व महिलाओं के वार्ड भी अलग होंगे। टीबी अस्पताल के मौजूदा भवन को ढहा दिया गया है। यह सेंटर प्रदेश में ही नहीं दिल्ली को छोड़कर अपने आप में पहला होगा। इससे पहले दिल्ली में नेशनल रेस्पिरेटरी डिजीज कंट्रोल सेंटर है।

---

## 55 करोड़ लोगों को मिलेगा मुफ्त उपचार

- विकसित भारत संकल्प यात्रा डेरा व कालाअंब पहुंची, जिप चेयरमैन ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते जिप चेयरमैन लाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि पिछले 9 सालों में सरकार ने अंत्योदय की भावना से काम किया है। हरियाणा एक-हरियाणवी एक और सुशासन के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में समान विकास को प्राथमिकता दी है। लाडी रविवार को गांव डेरा व कालाअंब में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी के अन्तर्गत देश में 55 करोड़ लोगों को हर साल 5 लाख रूपये की मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की है। सबका अपना घर हो इसी को ध्यान में रखते हुए पात्र लोगों के लिए देश में 4 करोड़ पक्के घरों का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार कोई भूखा न रहे इसी बात को ध्यान में रखते हुए हर महीने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं। परिवार पहचान पत्र, अंत्योदय सरल पोर्टल से लोगों को सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का ऑलाइन सुविधा मिली है। इसी प्रकार वृद्धावस्था पैंशन का लाभ भी पात्र व्यक्तियों को 60 साल की आयु पूरी होने पर स्वतः ही मिलने लगा है। एमएसपी पर सर्वाधिक 14 फसलों की खरीद हरियाणा में की जा रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से फसल खरीद की राशि सीधे किसानों के खाते में समय से मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की ओर से 18 लाख की राशि गांव डेरा में तथा 15 लाख रूपये की राशि कालाअंब में विकास कार्यो के लिए अब तक दी जा चुकी है।

## चौपट हो चुकी प्रदेश की व्यवस्था : रामकिशन

- कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने बोला सरकार पर हमला, कई गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर। *फोटो : हरिभूमि*

रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुज्जर ने पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के गांव मघरपुरा, कलाल माजरा, रछेड़ी, पिलखनी में ग्रामीण नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। अपने सम्बोधन में कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन के लंबे चौड़े दावे करती है जबकि हकीकत यह है कि अधिकतर सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं।

नागरिक अस्पतालों की बात करे तो डॉक्टर नहीं। स्कूल में मास्टर नहीं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि चिकित्सा व शिक्षा की हालत क्या होगी। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में पूरा प्रदेश पिछड़ गया एक समान विकास की बात करने वालों के राज में विकास के मामले में जमकर भेदभाव हो रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश के शासन का मुखिया होता है। मुख्यमंत्री के दौरे पर हल्के से लोगों को उम्मीदें होती है करोड़ों के विकास कार्यों की घोषणा होती रही है लेकिन यंहा पिछले दिनों सीएम शहजादपुर आए तो एक फूटी कौड़ी भी विकास के लिए घोषित नहीं की। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि उनके शासन काल मे सबसे अधिक अगर कोई प्रभावित हुआ है तो वह बेरोजगार युवा व किसान है।

प्रदेश में सरकारी नौकरियों के लाखों पद खाली हैं। बेरोजगारी चरम पर है। किसान फसलों के दाम लेने के लिए आंदोलनरत हैं। उन्होंने भाजपा की विकसित संकल्प यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसान के लिए भी भाजपा ने कुछ किया या केवल किसान को प्रताड़ित करने का ही संकल्प ले रखा है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र मे लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है जो शुगर मील पर आधारित एवं आश्रित है। शुगर मिल की कुर्की होने के आदेश हैं सरकार को किसानो की पेमेंट देने की जिम्मेदारी लेकर शुगर मिल को स्थायी चलाने की गारंटी किसानो को देनी चाहिए कांग्रेस की सरकार बनने पर शुगर मिल की समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने लोगो से कहा कि जनता भाजपा से लोग तंग आ चुके है और प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की होगी। सभी खाली पदों पर योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी, बुढापा पेंशन 6 हजार प्रति माह , 300 यूनिट बिजली निशुल्क दी जाएगी, कर्मचारी हित मे ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी और गैस सिलिंडर 500 रुपये में दिया जाएगा।

---

## बकाया वेतन के लिए 11 को करनाल में होगी रैली

- मिड डे मील वर्कर्स ने बनाई आंदोलन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** 12 महीने का वेतन व सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर बैठक करती मिड डे मील वर्कर्स। *फोटो : हरिभूमि*

मिड-डे-मील वर्कर्स 12 महीने का वेतन व सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर 11 जनवरी को करनाल में राज्य स्तरीय आक्रोश रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेंगी। ब्लॉक में सरकारी स्कूलों में दोपहर का भोजन बनाने वाली मिड-डे-मील वर्कर यूनियन की बैठक राज कुमारी प्रधान की अध्यक्षता में बस स्टैंड पर स्थित शिव मंदिर पर हुई। बैठक में विशेष रूप से सीटू जिला केशियर कामरेड बरखा राम ने भाग लिया। वर्कर्स ने करनाल रैली में जाने के लिए ब्लाक में कार्यरत सभी वर्कर्स से घर घर जाकर सम्पर्क करने व यूनियन की सदस्यता करने की योजना बनाई। सीटू केशियर का. बरखा राम ने कहा कि करनाल रैली में वर्कर को न्यूनतम 26 हजार रु.वेतन देने। 10 की बजाय 12 महीने का वेतन समय पर देने। 65 साल की उम्र पर रिटायरमेंट व 2 लाख रुपए का लाभ देने। हटाई गई वर्कर्स को काम पर लेने। वर्दी भत्ता 2000 रु. सालाना। ड्यूटी पर घायल होने पर ईलाज व 50 हजार की सहायता। मृत्यु होने पर 5 लाख रु.का मुआवजा देने। बेगार प्रथा पर रोक लगाने। कक्षा 12 वी तक योजना का विस्तार करने। ईएसआई व पीएफ का लाभ देने के साथ ही निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की जाएगी।

इस अवसर पर ब्लॉक नारायणगढ़ की प्रधान राजकुमारी, कविता, कुलविन्दर, राजबाला, रक्षा, सोमी, बेबी शर्मा, किरण आदि ने बैठक में भाग लिया।

### इनोवा में सवार परिवार से की मारपीट, पांच काबू

**अंबाला ।** यमुनानगर-पंचकूला फ्लाईओवर के नजदीक नशे में धुत ऑल्टो गाड़ी में सवार युवकों ने पहले इनोवा गाड़ी में टक्कर मारी। इनोवा के ड्राइवर ने विरोध किया तो ऑल्टो कार सवारों ने साथियों को बुलाकर इनोवा ड्राइवर और उसके परिवार पर हमला कर दिया। डायल-112 को सूचित किया गया। भीड़ ने 10 में से 5 हमलावरों को मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि अन्य हमलावर मौके से फरार हो गए।जगाधरी वर्कशॉप यमुनानगर के पृथ्वी नगर के प्रिंस कुमार ने बताया कि वह शनिवार रात अपनी इनोवा गाड़ी में परिवार सहित घर जा रहा था। प्रिंस शर्मा ने बताया कि टक्कर लगने से उसकी गाड़ी का बंपर टूटने समेत काफी नुकसान हुआ।

## पुलिस कर्मी ने पति पर लगाया बदनाम करने का आरोप

- गृहमंत्री के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महिला पुलिस कर्मी ने पति व गांव के सरपंच पर रंजिशन झूठी शिकायत सौंप बदनाम करने के आरोप लगाए हैं। महिला 15 साल से हरियाणा पुलिस में कार्यरत है। उसकी 10 अक्तूबर 2020 को कुरुक्षेत्र के गांव फतहपुर के कृष्ण कुमार के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से 2 बच्चे भी हैं।आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गृह मंत्री अनिल विज के दरबार में पहुंचने के बाद अंबाला कैंट थाना पुलिस ने पति और गांव के सरपंच शमशेर सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि उसने 19 जून 2013 को महेश नगर थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके अलावा 2 मामले घरेलू हिंसा व धारा 125 सीआरपीसी का किया था,लेकिन बाद में उसका अपने पति के साथ समझौता हो गया था। वे गांव फतहपुर (कुरूक्षेत्र) में रहने लगे थे, लेकिन ससुरालियों की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया। वह अपने बच्चों समेत अंबाला कैंट में रहने लगी। महिला ने बताया कि 10 जुलाई 2022 को उसके पति ने उसे कहा था कि तलाक देते हुए दोनों बच्चों का 15-15 लाख रुपए खर्चा देगा। इस बारे एक राज़ीनामा भी लिखा गया था, लेकिन पति राज़ीनामा से पीछे हट गया। पति ने उसे कहा कि ये बच्चे मेरे नहीं है। ऐसा बोल पति ने उसका व उसके बच्चों का अपमान किया है। जिसकी शिकायत उसने गृह मंत्री अनिल विज को 28 जुलाई 2022 को सौंपी। मामले की जांच डीएसपी अंबाला कैंट ने एसएचओ पड़ाव थाने को ट्रांसफर कर दी। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया। उसके पति के साथ गांव फतहपुर का सरपंच शमशेर सिंह उपस्थित था। इस दौरान सरपंच ने उसे जातिसूचक शब्द कहे। जिसकी शिकायत पर 14 अक्टूबर 2022 को पड़ाव थाने में मुकदमा भी दर्ज है।

---

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

## पुराने वर्ष की तरह कमजोरियों को भी विदाई दें

- प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



कार्यक्रम में विचार प्रकट करते प्रिंसिपल अनिल कुमार।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नव वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर साढौरा से पधारी राजयोगनी बीके सलोचना ने कहा कि जैसे हम पुराने वर्ष को विदाई देते हैं ऐसे हमने अपनी कमियों कमजोरियों को विदाई देनी है। नए संस्कारों नए गुणों से नए वर्ष की शुरुआत करनी है। पुराने जो भी स्वभाव संस्कर हैं, उनको समाप्त करना है। नव वर्ष में नए स्वभाव संस्कारों को लेकर जाना है । उन्होंने कहा कि 63 जन्मों से जो अच्छे या बुरे कर्म किए हैं उनका सामना करना है। हमें बेदाग होकर जाना है । इस अवसर पर बीके सुमन कालड़ा ने गीता का भगवान कौन विषय पर अपने विचार रखे । और सूक्ष्म ज्ञान के द्वारा गीता का रहस्य समझया उन्होंने कहा कि भगवत गीता भारत का ही नहीं अपितु विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ शिरोमणि ग्रंथ मान्य है। उन्होंने कहा कि गीता की धर्म विशेष का ग्रन्थ नहीं है अपितु समस्त धर्म मान्य ग्रंथ है क्योकि इसमें भगवानों वाच यानिकि भगवान ने कहा ऐसा लिखा गया है अन्य किसी ग्रन्थ में ऐसा नहीं है । उन्होंने कहा कि गीता में लिखा है कि जब जब भी धर्म की हानि होती है भगवान धरा पर अवतरित होते हैं। संगम युग में भगवान शिव बूढ़े तन में आकर हम सब आत्माओं को ज्ञान देते हैं । जिस ज्ञान को धारण कर हम आत्माएं नई दुनिया स्वर्णिम दुनिया मे जाते हैं ।

इस अवसर पर सेवा केन्द्र की इंचार्ज बीके हरदीप ने सभी को नव वर्ष की बधाई दी । उन्होंने कहा कि हम नए वर्ष में लक्ष्य रखे कि हम नए वर्ष में सर्वगुणसंपन्न, संपूर्ण निर्विकारी बने गुण धारण करें अपने आप को जाने परमात्मा को जाने और नई सृष्टि का निर्माण करें । प्रिंसिपल अनिल कुमार ने भी संबोधित किया।

